दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# नवाब मलिक मामले में सुप्रिया सुले का देवेंद्र फडणवीस पर निशाना

## 'जो बात फोन पर हो सकती थी, उसके लिए...'

**महाराष्ट्र : डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने गठबंधन सहयोगी डिप्टी सीएम अजित पवार को नवाब मलिक को महायुती सरकार में शामिल करने को लेकर चिट्ठी लिखी थी. इसके बाद से महाराष्ट्र की सियासत तेज हो गई है. चिट्ठी लिखने को लेकर शरद पवार के गुट वाली एनसीपी, बीजेपी पर हमलावर है. शरद पवार की बेटी और सांसद सुप्रिया सुले ने आरोप लगाया कि फडणवीस, एनसीपी का अपमान कर रहे हैं.**

दरअसल नवाब मलिक को विधानसभा में सत्ता पक्ष की बेंच पर बैठे हुए देखा गया था. जिसके बाद उनके अजित पवार के गुट वाली एनसीपी में शामिल किए जाने की चर्चा होने लगी. इसी पर देवेंद्र फडणवीस ने चिट्ठी लिखकर आपत्ति जताई थी. नवाब मलिक मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल जा चुके हैं और फिलहाल स्वास्थ्य के आधार पर जेल से रिहा हैं. करीब दो साल बाद वह विधानसभा के सत्र में शामिल हुए थे.



**एनसीपी को अपमान करने की साजिश- सुप्रिया सुले**

उधर, अजित पवार को चिट्ठी लिखे जाने पर सुप्रिया सुले ने कड़ी आपत्ति जताई. उन्होंने शनिवार को मीडिया से बातचीत में कहा, ''नवाब भाई ने बहुत मेहनत से अपना करियर बनाया है. यह बहुत दुख की बात है. जिस तरह से उनका अपमान और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का अपमान बीजेपी कर रही है.'' सुप्रिया सुले ने कहा कि जो बात फोन पर करनी चाहिए थी वह चिट्ठी के जरिए क्यों की गई. उन्होंने कहा, ''देवेंद्र जी एनसीपी से फोन पर बात कर सकते थे. आसपास बैठते हैं. अच्छे से एक दूसरे से कह सकते थे. ऐसा क्या हो गया कि सिलेक्टिव तरीके से चिट्ठी लिखी, उसको लीक किया. एनसीपी को अपमान करने की साजिश चल रही है.''

**कांग्रेस ने लगाया ध्रुवीकरण का आरोप**

अब इस मामले में कांग्रेस पार्टी भी कूद गई है. पूर्व सीएम पृथ्वीराज चव्हाण ने प्रतिक्रिया देते हुए बीजेपी पर गंभीर आरोप लगाए हैं. चव्हाण ने कहा कि क्या यह नवाब मलिक के धर्म के कारण किया गया है? इस पत्र को लिखने और इसका विज्ञापन करने के पीछे ध्रुवीकरण की राजनीति है.

# नशे के सौदागरों का भंडाफोड़!

## केमिकल फैक्ट्री से 106 करोड़ रुपये की मेफेड्रोन जब्त... तीन गिरफ्तार



**महाराष्ट्र** : महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में एक केमिकल फैक्ट्री में नशे के सौदागरों का भंडाफोड़ हुआ है। पुलिस ने छापेमारी में दौरान केमिकल फैक्ट्री से 106 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का मेफेड्रोन जब्त किया है। वहीं प्रतिबंधित पदार्थ का निर्माण करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ निरीक्षक शीतल राउत ने कहा कि एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गुरुवार को खालापुर के सजगांव में कंपनी पर छापा मारा और फैक्ट्री में निर्मित मेफेड्रोन से भरे डब्बों को जब्त किया गया। साथ ही कार्रवाई करते हुए फैक्ट्री को सील कर दिया गया है। अधिकारी ने जानकारी देते हुए नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटें(एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस टीम को तीन प्लास्टिक ड्रमों में 85.2 किलोग्राम मेफेड्रोन मिला, जिसमें दो कंटेनरों में 30 किलोग्राम और तीसरे ड्रम में 25.2 किलोग्राम था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब्त किए गए मादक पदार्थ की कुल कीमत 106 करोड़ रुपए आंकी गई। पुलिस ने मेफेड्रोन के निर्माण में इस्तेमाल होने वाला 15.37 लाख रुपये का कच्चा माल और रसायन भी जब्त किया है।

## नौकरी का झांसा देकर 3 लाख रुपये ठगे, मामला दर्ज




**ठाणे** : नवी मुंबई के वाशी में दो लोगों के खिलाफ नौकरी देने का वादा कर एक व्यक्ति से कथित तौर पर तीन लाख रुपये से अधिक ठगने पर शनिवार को मामला दर्ज किया गया। धोखाधड़ी करने के आरोप में शनिवार को मामला दर्ज किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी अवधेश तिवारी और राज पांडे ने मिलकर मर्चेंट नेवी में नौकरी दिलाने का वादा करके पीड़ित से अक्टूबर 2023 से 3.25 लाख रुपये लिए। वाशी पुलिस थाने के अधिकारी ने कहा, आरोपी पैसे लेने के बावजूद अपना वादा पूरा करने में विफल रहे। उन्होंने बताया कि पीड़ित के पिता घर में रंग-रोगन करने का काम करते हैं और उनकी शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 420 (धोखाधड़ी), 406 (आपराधिक विश्वासघात) और 34 (सामान्य इरादा) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## ठाणे में पानी की टंकी की सफाई कर रहे मजदूर की छत से गिरकर मौत!



**ठाणे** : महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के पनवेल के पास खंडेश्वर इलाके में पानी की टंकी की सफाई कर रहे 28 वर्षीय एक मजदूर की तीन मंजिला इमारत की छत से गिरकर मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। खंडेश्वर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना शुक्रवार पूर्वाह्न करीब पौने 12 बजे हुई। वहीं पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफ मजदूर को आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराने को लेकर मामला दर्ज किया गया। मारुति जोमा गुटे इमारत की पानी की टंकियों की सफाई कर रहा था। वह अचानक छत से गिर गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी की शिकायत के आधार पर ठेकेदार नागेश गुप्ता के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# दरिंदगी की हद!

## माचिस न देने पर चौकीदार की पत्थर से कुचलकर निर्मम हत्या

**मुंबई** : महाराष्ट्र की आर्थिक राजधानी मुंबई से एक सनसनीखेज और चौंका देने वाला मामला सामने आया है। दरअसल यहां के नवी मुंबई के सानपाड़ा इलाके में शुक्रवार तड़के एक चौकीदार ने माचिस की तीली देने से जब साफ मना किया तो युवक ने कथित तौर पर चौकीदार की हत्या कर दी है। इस आबत मुंबई पुलिस ने जानकारी दी कि आरोपी मोहम्मद आदिल अजमली शेख तुर्भे नाका का रहने वाला है और उसने महज माचिस की तीली न देने पर कथित तौर पर पत्थर मार कर चौकीदार की हत्या कर दी है।




**माचिस न देने पर मारा पत्थर**

इस मामले पर जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि, आदिल अजमली शेख नामक व्यक्ति बेलापुर रोड पर एक रिक्शा स्टैंड से गुजर रहा था, तो उसने वहां खड़े प्रसाद भानु सिंह खड़का नाम के शख्स से माचिस मांगी, लेकिन जब भानु ने माचिस देने से साफ इनकार किया तो इस बात से बुरी तरह नाराज आदिल अजमली शेख ने गुस्से में एक बड़ा पत्थर उठा कर पीड़ित चौकीदार के सिर पर दे मारा। मृतक की उम्र 53 साल बताई गई है और पत्थर लगने के बाद ही उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार यह घटना मुंबई के सानपाड़ा इलाके में देर रात करीब 1 बजकर 45 मिनट के आस-पास की बताई जा रही है। वहीं पीड़ित भानु की मौके पर ही मौत हो गई जिसके बाद उसके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया। वहीं आरोपी आदिल अजमली शेख को भी गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके खिलाफ इफ्क की धारा 302 (हत्या) के तहत FIR दर्ज कर पुलिस अब इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

## ठाणे में आदिवासियों को बनाया बंधुआ मजदूर... 2 भाई गिरफ्तार

**ठाणे** : महाराष्ट्र के ठाणे जिले के एक गांव में आदिवासी व्यक्तियों के समूह को बंधुआ मजदूर बनाने और उनका शारीरिक उत्पीड़न करने के आरोप में दो भाइयों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।



उन्होंने कहा कि आरोपियों की पहचान संजय शालीन पाटिल (40) और उसके बड़े भाई विजय (45) के रूप में हुई है, जो डोंबीवली के निकट खोनी गांव में रहते हैं। मंपदा थाने के वरिष्ठ निरीक्षक अशोक होनमाने ने कहा, ''आरोपियों ने पिछले 10 वर्षों से अपने परिसर में विभिन्न कार्यों के लिए आदिवासी कातकरी समुदाय के सदस्यों को नियुक्त किया था। वे उन्हें काम के लिए कहीं और जाने की इजाजत नहीं देते थे। वे पीड़ितों को धमकाते थे और कभी-कभी मारपीट भी करते थे। आरोपियों ने उनके महत्वपूर्ण दस्तावेज भी छीन लिए थे।''



# संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## सोलन की थाली में छेद...

सोलन में सत्ता का एक साल नगर निगम की थाली में क्यों कमजोर पड़ गया और जिल्लत किसे बेसहारा कर गई, इसका विश्लेषण होना चाहिए। क्या यह शहर का मूड है या नेताओं के चरित्र का सबूत कि जिस थाली में खा रहे, उसी में छेद कर रहे। भले ही कांग्रेस की ऊषा शर्मा को मेयर की कुर्सी मिल गई, लेकिन इस जीत के साथ पार्टी का नाता कहीं बिखरा जरूर। यह इसलिए कि जिस शिद्दत से कांग्रेस बीज बो रही थी, वहां कांटे उग आए। कांग्रेस पार्टी अपने अधिकृत प्रत्याशी सरदार सिंह ठाकुर को न तो जीत का सेहरा पहना पाई और न ही डिप्टी मेयर की कुर्सी पर संगीता ठाकुर को बैठा पाई। यह तब हुआ जब भाजपा का एक पार्षद अनुपस्थित रहा और कांग्रेस के मतों में विधायक के मत का जोड़ रहा। मेयर पद पर कांग्रेस की बागी का जीतना उतना अचंभित न करे, लेकिन पार्टी की बगावत ने भाजपा की कमजोर पारी को विजयी बनाते हुए उनकी उम्मीदवार मीरा आनंद को डिप्टी मेयर बना दिया। यह देखना रोचक होगा कि दस वोटों वाली कांग्रेस की यह हालत कैसे और क्यों हुई। क्या यही राजनीतिक चरित्र कांग्रेस की हर सत्ता पर विराजित है। सोलन में पार्टी की हालत अगर नगर निगम मेयर चुनाव कर रहा है, तो असंतोष की चूल्हों पर चढ़ी न जाने कितनी काठ की हांडियां जल रही होंगी। गौर करें कि शिमला संसदीय क्षेत्र किस कद्र सत्ता में अपना प्रभुत्व जमाए है। इसी क्षेत्र से सुक्खू सरकार में पांच मंत्री और पार्टी का राज्याध्यक्ष भी है। तमाम कसरतों, तीन मंत्रियों की मेहनत और विधायक का मत अगर पार्टीजनों की मति को नहीं सुधार पा रहा है, तो शेष हिमाचल में क्या होगा। सोलन के कांग्रेसी पार्षदों ने बागी उम्मीदवार के अलावा भाजपा के डिप्टी मेयर को जिता कर जो घंटी बजाई, उसके बाद आत्ममंथन की जरूरत बढ़ जाती है। ये तमाम नगर निगम अपने आप में शहरी मूड लिए घूम रहे हैं, लेकिन कल यही परिदृश्य अगर पार्टी के भीतरी असंतोष की जुबान बन जाए तो घातक होगा। वे कौन थे जो ऊषा शर्मा के रास्ते में कांटे बो रहे थे।

आश्चर्य यह भी कि नगर निगम चुनाव में जो अपना मत ढो रहे थे, वे विधायक या सरकार में मंत्री धनी राम शांडिल इस जनादेश पर कहां खड़े होंगे। इसका अर्थ यह भी कि सोलन नगर निगम की सरहद पर सोलन विधानसभा हार गई, तो फिर विधायक महोदय के लिए यह घना सियासी कोहरा होगा। सोलन ने दरअसल कांग्रेस के संगठन व सरकार के मनन पर कई प्रश्न चस्पां किए हैं। अगर अहंकार से पार्टियां या सरकारें चलेंगी, तो अपने ही कदम लहूलुहान होंगे। क्या ऊषा शर्मा के जश्न में धनीराम शांडिल की पगड़ी ऊंची होगी या इस जीत की नारेबाजी को कांग्रेस के असंतुष्ट धड़े सोलन के बाहर कांगड़ा, चंबा, बिलासपुर, मंडी या अन्य जिलों तक भी सुनेंगे। सत्ता के लिए बहुमत प्राप्त करना एक बात है, लेकिन बहुमत सरकार में क्षेत्रीय राजनीति में संतुलन पैदा करना गंभीर चुनौती है। यह भी इस दौर में जब भाजपा जैसा विरोधी पक्ष 24 गुणा 7 पीछे पड़ा हो, तो कांग्रेस को अपने खुमार और अति विश्वास के लबादे उतारने पड़ेंगे। ऐसे में जब सरकार को अपने एक साल के जश्न की इबारत में खुद को साबित करना है, तो कुछ नए शब्द और मुहावरे जोड पड़ेंगे। सत्ता की श्रेष्ठता एक ऐसी साझी विरासत है, जो संगठन को एकत्रित तथा जनादेश को संगठित कर सके। शिमला व कांगड़ा में दो-दो, मंडी में एक तथा हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में शून्य नगर निगम है। ऐसे में इनसाफ की डगर पर कम से कम हमीरपुर में नए नगर निगम की अपेक्षा एक साल की सरकार से रहेगी।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# घाटकोपर कामराज नगर मे साईनाथ मंदीर निर्माण को लेकर राज्य के शिक्षा मंत्री के हाथों शिलान्यास किया गया

## शिंदे गुट विभाग प्रमुख -पूर्व नगरसेवक परमेश्वर कदम ने जन्म दिन के अवसर पर किया आयोजन...

**मुंबई ( फिरोज सिद्दीकी)** शिंदे गुट विभाग प्रमुख , पूर्व नगरसेवक परमेश्वर कदम आज उम्र के अर्धा शतक पुरा करने को लेकर आज भव्य पैमाने पर जन्म दिन का रंगा रंग कार्यक्रम का आयोजन किया था। जिसका गवाह कामराज नगर, रमाबाई नगर की बड़ी संख्या मे उपस्थित जनता बनी। उल्लेखनीय तौर पर आज सुबह जन्म दिन के अवसर पर आरोग्य कैंप का आयोजन रखा था। जिसमें बड़ी संख्या मे इलाके की जनता ने आरोग्य कैंप का लाभ उठाया। वहीं शाम के वक्त राज्य के शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर के हाथों कामराज नगर स्थित एस आर ए





बिल्डिंग प्रांगण मे सिद्ध साईनाथ मंदीर के नव निर्माण करने का शिलान्यास किया गया। राज्य के मंत्री दीपक केसरकर ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा की महाराष्ट्रा राज्य मे राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की सरकार मे संपूर्ण राज्य मे जहाँ विकास कार्य जोरों पर है है। वहीं मुंबई शहर का सौंदर्य कारण का कार्य शुरू है ।घाटकोपर निर्वाचन क्षेत्र की जनता को विश्वास दिलाया की एकनाथ शिंदे सरकार मे आम गरीब मुंबईकरो के झुग्गी झोपड़ पट्टियों से निजात दिलाकर बिल्डिंगो मे रहने मकान दिये जायेंगे । जिससे गरीबों का रहन सहन बदलेगा । वहीं विभाग प्रमुख परमेश्वर कदम ने कहा की मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी गरीबी से आये हुए व्यक्ति है। उन्हे गरीबों की परेशानी पता है।शिंदे सरकार के कार्यकाल मे कामराजनगर, रमाबाई आंबेडकर नगर मे एम एम आर डी ए के सहयोग से एस आर ए प्रकल्प जमीन पर उतारकर उसे पुरा किया जायेगा । जिसके लिए एम एम आर डी ए नागरिको को एडवांस मे तीन वर्ष का किराया उपलब्ध करवायेगा । उपरोक्त अवसर पर बड़ी संख्या मे शिंदे गुट समर्थक पद अधिकारी, कार्य कर्ता ओ का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

## टेलीग्राम के जरिए संपर्क कर यूट्यूब चैनल को लाईक और सब्सक्राइब कर अधिक पैसे कमाने का लालच देकर ठगी करने वाले आरोपी को नवी मुंबई सायबर पुलिस ने राजस्थान से किया गिरफ्तार।



**अमोल कांबळे**

**नवी मुंबई :** नवी मुंबई सायबर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक गजानन कदम द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 8 सितंबर से 14 सितंबर के बीच, आरोपी ने शिकायतकर्ता से टेलीग्राम पर संपर्क किया और शिकायतकर्ता को ङ्म४ळ८ुी पर चॅनेल को लाइक और सब्सक्राइब करके अधिक पैसे कमाने का लालच दिया देकर कई राज्यो के अलग अलग बँक खातो मे कुल 43,45,300 इतनी रकम ऑन लाईन के जरीये मंगवाकर ठगी की। सायबर पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर तकनीकी आधार पर आरोपी बुधाराम झुंजाराम देवासी उम्र 19 साल को जोधपुर राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया। जब उससे अपराध के बारे में पूछताछ की गई तो उसने अपराध कबूल कर लिया तो वही नवी मुंबई सायबर क्राईम पुलिस ने अलग-अलग राज्यों में बैंक से संपर्क कर लगबघ 35,96,285 इतनी रकम फ्रीज करने में सफलता हासिल की है।

## बाईक चोरी कर झोमॅटो में डिलिव्हरी बॉय का काम करता था आरोपी, नेरुळ पुलिस ने किया गिरफ्तार....





**अमोल कांबळे**

**नवी मुंबई :** नवी मुंबई बाईक चोरी करने वाले एक चोर को नेरुल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस आरोपी के पास से पुलिस ने कुल 5 मामलो का खुलासा किया है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक तानाजी भगत ने बताया कि नेरुल पुलिस ने 24 सितंबर को बाईक चोरी का एक मामला दर्ज कीया था इस मामले में अज्ञात चोर ने शिकायतकर्ता की एक्टिवा स्कुटी लेकर फरार हो गया था। मामल दर्ज होते ही वरिष्ठों के मार्गदर्शन में नेरुल पुलिस स्टेशन की क्राइम डिटेक्शन विभाग के सहायक पुलिस निरीक्षक नीलेश शेवाळे ने नई मुंबई इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर डिलीवरी बॉय आरोपी कुणाल बाळू सोनावणे को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जिसके बाद आरोपी ने अपना गुनाह कबूल किया। जिसके बाद जब आगे पूछताछ की गई तो इस आरोपी ने कुल पांच चोरी की घटनाओं को अंजाम देने का कबूल किया है।

## गर्लफ्रेंड ने घर बुलाया तो मां पर चाकू से हमला... घायल युवक का इलाज अस्पताल में चल रहा है

**वसई :** वसई- नालासोपारा में एक घटना घटी है जहां प्रेमिका के बुलाने पर उसके घर गए एक युवक पर उसकी प्रेमिका की मां ने चाकू से हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है. हमले के पीछे का सटीक कारण अभी तक स्पष्ट नहीं है, लेकिन तुलिंज पुलिस ने महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है। इमरान खान (20) नालासोपारा के पूर्व में तुलिंज में रहता है। उसका एक युवती से प्रेम प्रसंग था। शनिवार 4 दिसंबर को उसकी प्रेमिका ने उसे ओम नगर स्थित अपने घर पर मिलने के लिए बुलाया. इसके मुताबिक, इमरान रात को उसके घर गया था। जब वह बिल्डिंग



की सीढ़ियां चढ़ रहा था, तभी इमरान की गर्लफ्रेंड की मां उसके पास आई और उसके पेट में चाकू से वार कर दिया। अचानक हुए इस हमले से इमरान घायल होकर गिर पड़ा. उन्हें नगर पालिका के तुलिंज अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन उनकी हालत गंभीर होने के कारण उन्हें मुंबई के नायर अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। फिलहाल विरार के एक निजी अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई में उनका इलाज चल रहा है। पुलिस को यह जानकारी गुरुवार को अस्पताल से मिली. इसके मुताबिक पुलिस ने हमला करने वाली महिला के खिलाफ धारा 326 के तहत मामला दर्ज कर लिया है.

हमने आरोपी का बयान दर्ज करने के बाद मामला दर्ज कर लिया है. मामले की जांच पड़ताल चल रही है। तुलिंज पुलिस स्टेशन के पुलिस सब-इंस्पेक्टर गिट्टे ने कहा, जांच से हमले का कारण स्पष्ट हो जाएगा और उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इमरान और आरोपी महिला की बेटी के बीच अफेयर था. उस दिन इमरान की गर्लफ्रेंड ज़िल्मिल ने इमरान को मिलने के लिए बुलाया.

# स्वीकृत धनराशि के उपयोग में कमी से स्वास्थ्य देखभाल प्रभावित...

## सरकार की कार्रवाई पर हाईकोर्ट की उंगली



**मुंबई:** उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की खरीद के लिए स्वीकृत धन का पूरा उपयोग नहीं करने की राज्य सरकार की कार्रवाई पर नाराजगी व्यक्त की। साथ ही बताया गया कि राज्य सरकार की इस कार्रवाई से राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है. मुख्य न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति आरिफ डॉक्टर की पीठ ने सवाल पूछा कि स्वास्थ्य प्रणाली के लिए बजट में स्वीकृत धनराशि का पूरा उपयोग करने के लिए सरकार क्या उपाय कर रही है, पहले स्वीकृत धनराशि पूरी तरह से वितरित क्यों नहीं की गई है और उपलब्ध धनराशि का भी पूरा उपयोग नहीं किया गया है। सरकार को शपथ पत्र के माध्यम से स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया। अस्पतालों को यह बताने का आदेश दिया गया कि मांगें कैसे पूरी की गईं। नांदेड़ और छत्रपति संभाजीनगर के सरकारी अस्पतालों में बड़ी संख्या में हुई मौतों पर संज्ञान लेते हुए और इस पर चिंता व्यक्त करते हुए कोर्ट ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए एक जनहित याचिका दायर की थी. इस मामले में शुक्रवार को सुनवाई हुई. उस समय मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने स्वास्थ्य देखभाल के लिए बजट में स्वीकृत धनराशि का उपयोग नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की थी. इस मामले में राज्य सरकार की ओर से दाखिल हलफनामे पर गौर करें तो बजट में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए स्वीकृत धनराशि पूरी तरह उपलब्ध नहीं करायी गयी है. इसके अलावा, अदालत ने बताया कि उपलब्ध कराई गई धनराशि का भी पूरा उपयोग नहीं किया गया है।

# ऋण वसूली एजेंटों ने वसई में कई पुलिस अधिकारियों को 'निपटाने और उन्हें सड़कों पर लाने' की धमकी दी

**वसई: 'कर्ज की किश्त नहीं चुकाई तो गंभीर परिणाम होंगे', 'नौकरियां चली जाएंगी और सड़क पर आ जाएंगे..' धमकी आम लोगों को नहीं बल्कि वसई के कई पुलिस अधिकारियों को मिली है. ये धमकियां एक्सिस बैंक के कर्ज वसूली एजेंटों की ओर से लगातार आ रही हैं. इस संबंध में वसई पुलिस ने एक्सिस बैंक के लोन रिकवरी एजेंटों के खिलाफ जबरन वसूली का मामला दर्ज किया है।**

दिलचस्प बात यह है कि यह जानते हुए भी कि पुलिस वहां है, ये धमकियां पिछले कुछ दिनों से दी जा रही थीं। कर्ज वसूलने वालों (वसूली एजेंटों) द्वारा धमकाना आम जनता के लिए कोई नई बात नहीं है। लोन की किस्तें बकाया होने पर बैंकों के प्राइवेट एजेंट फोन कर धमकाते हैं। इन धमकियों के कारण कई लोगों ने आत्महत्या कर ली है। इन एजेंटों की पीड़ा कितनी भयानक है इसकी पुष्टि




वसई पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने की है. वसई पुलिस स्टेशन के एक कर्मचारी ने एक्सिस बैंक से साढ़े छह लाख का प्राइवेट लोन लिया था. लेकिन कुछ निजी कारणों से वह तीन किश्तें नहीं चुका सके। उनकी रकम 45 हजार थी. पुलिसकर्मी और उसके परिवार और रिश्तेदारों को लोन की किश्तें चुकाने के लिए धमकी भरे फोन आने लगे। लेकिन इससे भी आगे बढ़ते हुए जिस पुलिस स्टेशन में यह पुलिसकर्मी काम करता है, वहां के अधिकारियों को अलग-अलग नंबरों से धमकी भरे कॉल आने लगे। आपके सहकर्मी ने हमारी 3 किश्तें खत्म कर दी हैं। कहा गया कि आप वह पैसा दे दें या उन्हें पेश कर दें. दरअसल उस पुलिसकर्मी का पर्सनल लोन था. बाकी लोगों का इससे कोई लेना-देना नहीं था. लेकिन कर्ज वसूली एजेंट सभी पुलिस अधिकारियों को अलग-अलग नंबरों से फोन कर धमकी दे रहे थे. दिलचस्प बात यह है कि वे यह जानते हुए भी धमकी दे रहे थे कि यह पुलिस है। ''भले ही तुम पुलिसवाले हो, हम तुम्हारी नौकरी खो देंगे, इसे सड़कों पर ले आओ और इसे नष्ट कर दो'', इस तरह और शिवराल भाषा में, वह पुकार रहा था। कॉल करने वालों में महिलाएं भी शामिल थीं. इसके चलते एक्सिस बैंक के 8 मोबाइल नंबरों से पुलिस को कॉल करने वाली महिलाओं के खिलाफ वसई पुलिस स्टेशन में रंगदारी की धारा 385, 387, 186 और 504, 506 के तहत मामला दर्ज किया गया है. 1 नवंबर से ही पुलिस को इन धमकियों के बारे में फोन आ रहे हैं. सहायक पुलिस निरीक्षक सुनील पवार ने यह शिकायत दर्ज करायी. इन ऋण वसूली एजेंटों द्वारा बदमाशी बहुत बड़ी है। अगर वे बिना किसी संबंध के पुलिस को ऐसी धमकियां दे रहे हैं तो आम आदमी का क्या होगा? इसलिए, हमने यह मामला दर्ज किया है, वसई पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक रंजीत अंधाले ने बताया। चूंकि बैंक ने इस एजेंट को नियुक्त किया है, इसलिए बैंक भी उत्तरदायी है।

### आपको मोबाइल नंबर कैसे मिलेंगे?

**कर्ज वसूलने वालों ने कई पुलिस अधिकारियों के निजी मोबाइल नंबरों पर कॉल की। यह भी सवाल खड़ा हो गया है कि आखिर उन्हें ये नंबर कहां से मिले। उस संबंध में पुलिस जांच कर रही है. इससे स्पष्ट है कि यह एजेंट लोन लेने वाले व्यक्ति से संबंधित लोगों के मोबाइल नंबरों के बारे में गंभीर है और नागरिकों की निजी जानकारी गोपनीय नहीं रखी जाती है। ''यह मामला सिर्फ पुलिस को धमकी देने का नहीं है। इस तरह की धमकियों से आम नागरिकों को परेशान किया जा रहा है. बकाया ऋण की वसूली के लिए कानूनी तरीके मौजूद हैं। लेकिन इस तरह की बदमाशी गंभीर है. हम मामले की तह तक जाएंगे।'' – रंजीत अंधाले, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक, वसई**

# महाराष्ट्र के पिंपरी चिंचवड़ में कैंडल फैक्ट्री में लगी भीषण आग... 6 लोगों की दर्दनाक मौत !

**पुणे :** महाराष्ट्र के पुणे जिले से बड़ी खबर सामने आ रही है। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक के शुक्रवार को पिंपरी चिंचवड़ में कैंडल फैक्ट्री में भीषण आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई। मौके पर दमकल विभाग की गाड़ियां मौजूद है। आग बुझाने का प्रयास जारी है। यह घटना पिंपरी चिंचवड़ शहर के तलवडे इलाके की है। फैक्ट्री में दोपहर तीन बजे आग लगी, जिससे



इलाके में अफरातफरी मच गई। मजदूरों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग और विकराल हो गई और मजदूरों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे छह मजदूरों की मौत हो गई। मौत का आंकड़ा भी बढ़ने की संभावना है।

पिंपरी चिंचवाड़ एसीपी (अपराध) पद्माकर घनवत ने कहा, कैंडल बनाने वाली फैक्ट्री में आग लगने की घटना में छह लोगों की मौत हो गई है, जबकि आठ लोग घायल हो गए हैं। घटना आज दोपहर 3 बजे के आसपास हुई। घटना के पीछे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। इस घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग को मिलते ही दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची। फिलहाल आग बुझाने का काम जारी है। इस घटना में मारे गए मजदुर दूसरे राज्य के है। हालांकि, आग लगने का कारण अभी तक सामने नहीं आया है।

# वसई- विरार के म्हाडा कॉलोनी में अंतरराष्ट्रीय सेक्स रैकेट के अड्डे...

## दो साल में 300 लड़कियों की तस्करी



**वसई :** वसई- विरार के म्हाडा कॉलोनी की एक बिल्डिंग के फ्लैट में अंतरराष्ट्रीय देह व्यापार का मामला सामने आया है। इम्मोरल 'ूमन ट्रैफिकिंग ब्रांच ने इस फ्लैट पर छापा मारकर एक 17 साल की नाबालिग लड़की को छुड़ाया है. इस मामले में एक बांग्लादेशी आरोपी को गिरफ्तार किया गया है और जांच में पता चला है कि वह पिछले दो साल में वेश्यावृत्ति के लिए 300 से ज्यादा लड़कियों को बांग्लादेश से मुंबई लाया था. विरार के पश्चिम में बोलिंज में म्हाडा की एक कॉलोनी है। अनैतिक मानव तस्करी शाखा को सूचना मिली थी कि डी-7 बिल्डिंग के फ्लैट नंबर 2104 में अंतरराष्ट्रीय देह व्यापार का धंधा चल रहा है. शुक्रवार की रात पुलिस टीम ने छापेमारी कर इस फ्लैट से 17 साल की नाबालिग लड़की को बचाया था. दो अन्य लड़कियों को नालासोपारा के प्रगतिनगर से गिरफ्तार किया गया। आरोपी अशोक दास इस अंतरराष्ट्रीय सेक्स रैकेट गिरोह का सरगना है और वह बांग्लादेशी है. वह अपने साथियों की मदद से अवैध रूप से नाबालिग लड़कियों और युवतियों को बांग्लादेश से वेश्यावृत्ति के लिए मुंबई ले जा रहा था। बांग्लादेश से लड़कियों को लाने के बाद वे उन्हें इसी फ्लैट में रखते थे. इसके बाद इन लड़कियों को देह व्यापार के लिए मुंबई के ग्रांट रोड के रेड लाइट एरिया में भेज दिया गया. उसके अन्य साथियों की तलाश जारी है। अनैतिक मानव तस्करी शाखा के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संतोष चौधरी ने कहा, पिछले दो वर्षों में उसने 300 से अधिक बांग्लादेशी लड़कियों को बरगलाया है और उन्हें वेश्यावृत्ति के लिए मुंबई लाया है। इस मामले में और भी चौंकाने वाली बात है वेश्यावृत्ति के लिए म्हाडा घरों का इस्तेमाल। वरिष्ठ पुलिस इंस्पेक्टर संतोष चौधरी ने बताया कि बांग्लादेश से लाई गई लड़कियों को म्हाडा के घर में रखा जाता था और वहां से उन्हें मुंबई में सप्लाई किया जाता था। आरोपियों ने बिल्डिंग डी-7 में फ्लैट नंबर 2104 का ठेका लिया था और इसका इस्तेमाल देह व्यापार के लिए किया था।

# बम ब्लास्ट मामले का आरोपी साकिब नाचन एनआईए की हिरासत में

**मुंबई:** एनआई ने महाराष्ट्र और कर्नाटक में बड़ी छापेमारी की. इससे एक अहम जानकारी सामने आई है. घाटकोपर ब्लास्ट केस के आरोपी साकिब नाचन को एनआईए ने हिरासत में लिया है। साकिब नाचन समेत 15 लोगों को हिरासत में लिया गया. एनआईए की छापेमारी में और भी अहम जानकारियां सामने आने की संभावना है। आतंकी संगठन आईएसआईएस द्वारा रची जा रही साजिश और गतिविधियों के खिलाफ एनआईए ने देशभर में 41 जगहों पर एक साथ छापेमारी की है और कई



लोगों को गिरफ्तार किया गया है. अब तक 15 लोगों को हिरासत में लिया गया है. एनआईए ने महाराष्ट्र के ठाणे ग्रामीण, ठाणे शहर, पुणे, मीरा-भाईंदर समेत ज्यादातर जगहों पर छापेमारी की. इसके अलावा कर्नाटक राज्य में भी एक जगह पर छापेमारी की गई.

साकिब नाचन, हसीब मुल्ला, मुसाब मुल्ला, रेहान सूसे, फरहान सूसे, फिरोज कुवंर, आदिल खोत, मुखलिस नाचन, सैफ अतीक नाचन, या'ा खोत, रफील नाचन, रजील नाचन, शाकुब दिवाकर, कासिफ बेलारे, मुनज़िर केपी

एनआईए की छापेमारी के दौरान आतंकियों के अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन और आईएसआईएस हैंडलर्स की साझेदारी वाली एक बड़ी साजिश का भी खुलासा हुआ है. एनआईए की जांच में पता चला कि इन आतंकियों ने देश में आईएसआईएस की विचारधारा को बढ़ावा देने की योजना बनाई थी. यह नेटवर्क पुणे शहर से चल रहा था.

# पनवेल नगर निगम ऑनलाइन परीक्षा शुरू

**पनवेल:** पनवेल नगर निगम के 41 संवर्गों में 377 विभिन्न पदों के लिए शुक्रवार सुबह नौ बजे से राज्य भर में एक साथ परीक्षा शुरू हुई. अगले चार दिनों तक राज्य भर के 21 जिलों के 57 परीक्षा केंद्रों पर 55214 अभ्यर्थी इस परीक्षा में ऑनलाइन अपनी किस्मत आजमा रहे हैं. परीक्षा तीन केंद्रों पर आयोजित की जा रही है, दो रायगढ़ जिले के पनवेल तालुका में और एक खालापुर तालुका के रसानी में। पनवेल नगर निगम के आयुक्त गणेश देशमुख, उपायुक्त गणेश शेटे ने शुक्रवार सुबह नौ बजे रासनी में पिल्लई कॉलेज के परीक्षा केंद्र का दौरा किया और वहां योजना की समीक्षा की.

# वसई विरार नगर निगम मैराथन के लिए तैयार




**वसई:** अगले रविवार को वसई विरार नगर निगम की 11वीं राष्ट्रीय मैराथन है. इस मैराथन के लिए विभिन्न तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और नगर पालिका इसके लिए तैयार है. इस प्रतियोगिता में 14 हजार से ज्यादा प्रतियोगी हिस्सा लेंगे. वसई विरार नगर निगम द्वारा हर साल राष्ट्रीय स्तर की मैराथन प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। इसमें विभिन्न स्थानों से हजारों प्रतियोगी भाग लेते हैं। इस वर्ष भी मनपा के खेल विभाग और वसई कला खेल विकास बोर्ड द्वारा मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है. एशियाई खेलों की पदक विजेता पारुल चौधरी इस आयोजन की इवेंट एंबेसडर हैं। ठाणे के अनुभवी निशानेबाज रुद्राक्ष पाटिल 'फेस ऑफ द इवेंट' के रूप में मौजूद रहेंगे। इसमें चौदह हजार से अधिक प्रतियोगी भाग लेंगे। फुल मैराथन में 14 राष्ट्रीय स्तर के धावक दौड़ेंगे। हाफ मैराथन में 30 धावक दौड़ेंगे।

मैराथन के रास्ते में बाधा उत्पन्न न हो इसका नगर पालिका की ओर से विशेष ध्यान रखा गया है। इसमें मैराथन रूट में जिन स्थानों पर गड्ढे हैं, वहां डामरीकरण किया गया है, सही दिशा दिखाने के लिए सफेद पट्टी, पेड़ों को रंगा गया है, डायरेक्शन डिस्प्ले बोर्ड, सुरक्षात्मक जाल लगाए गए हैं और जहां से रूट पर आवागमन होगा, उस पर कुछ समय के लिए रोक लगा दी गई है। प्रतियोगी दौड़ने वाले हैं। जिस स्थान पर मैराथन शुरू होने वाली है, वहां एक मीडिया कक्ष, गणमान्य व्यक्तियों के लिए एक मंच, स्वयंसेवकों और सुरक्षा गार्डों को काम देखने के लिए नियुक्त किया गया है। नगर आयुक्त अनिल कुमार पवार ने बताया कि नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों के माध्यम से इस पर नजर रखी जा रही है. इस प्रतियोगिता में 54 लाख के पुरस्कार दिए जाएंगे. इसके अलावा राजनीतिक दलों के पदाधिकारी और छायाकार भी इस मैराथन में शामिल होने वाले हैं.

1) नगर स्वास्थ्य सेवाएँ

मैराथन के दौरान कोई दुर्घटना होने पर उसके समाधान के लिए डॉक्टरों, नर्सों, स्वास्थ्य कर्मियों और अन्य डॉक्टर एसोसिएशन के सदस्यों जैसे 847 कर्मचारियों की मदद से 19 स्थानों पर टीमें गठित की गई हैं। इसके अलावा मैराथन रूट पर एंबुलेंस और मोबाइल हेल्थ टीमें भी तैनात की जाएंगी.

2)सरकार और पुलिस अधिकारी भी चलेंगे

वसई विरार नगर निगम की 11वीं राष्ट्रीय मैराथन में सरकारी और पुलिस अधिकारी अन्य प्रतिस्पर्धियों के साथ दौड़ेंगे। इसमें आईपीएस विश्वास नांगरे पाटिल, कृष्ण प्रकाश, पालघर जिला कलेक्टर डॉ कैलास शिंदे समेत नगर निगम के अधिकारी और अन्य पुलिसकर्मी दौड़ेंगे.

3)मैराथन मार्ग का सौंदर्यीकरण

वसई विरार नगर निगम के मैराथन मार्ग के विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संदेशों के साथ आकर्षक चित्र बनाए गए हैं। इसके अलावा, द्विभाजन को चित्रित किया गया है, सड़कों के किनारे पेड़ लगाए गए हैं, इस प्रकार मैराथन मार्ग प्राकृतिक सुंदरता से खिल उठा है।

## वसई-विरार शहर के नगरपालिका क्षेत्र में प्रदूषण रोकना बड़ी चुनौती

**वसई :** वसई-विरार शहर के नगरपालिका क्षेत्र में बढ़ते निर्माण और वाहनों की संख्या के कारण वायु प्रदूषण बढ़ने लगा है। विभिन्न हिस्सों में हवा में बड़ी मात्रा में धूल के कारण नागरिक हैरान हैं। नगर पालिका दावा कर रही है कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए उपाय किए जा रहे हैं। लेकिन सवाल उठने लगा है कि क्या वो उपाय वाकई कारगर हैं. इसलिए नगर पालिका के सामने प्रदूषण नियंत्रण की बड़ी चुनौती है।

वसई-विरार नगर निगम सीमा में पिछले कुछ वर्षों में बड़े पैमाने पर शहरीकरण देखा गया है। इसके साथ ही शहर में वाहनों की संख्या भी काफी बढ़ गयी है. दूसरी ओर, शहर में फ्लाईओवर निर्माण, सड़क



मरम्मत और विभिन्न परियोजनाओं का निर्माण कार्य चल रहा है। इससे हवा में धूल की मात्रा बढ़ने लगी है। किसी भी परियोजना या निर्माण के लिए मिट्टी, बजरी, रेत आदि सामग्री का परिवहन बिना किसी परवाह के किया जाता है। भारी वाहनों के पहियों के बगल में अक्सर मिट्टी सड़क पर आ जाती है। निर्माण स्थलों पर बड़ी मात्रा में धूल के कण हवा में फैलने से वायु प्रदूषण शुरू हो गया है।

## गोरेगांव के एक बिल्डिंग में लगी आग

### जान बचाने के लिए लोगों में मची अफरातफरी

**मुंबई:** मुंबई के गोरेगाव से आग लगने की एक बड़ी खबर सामने आ रही है। मिली जानकारी के मुताबिक, मुंबई के गोरेगांव पश्चिम के राम मंदिर इलाके में भीषण आग लगने की



घटना हुई है। जिस बिल्डिंग में आग लगी है वहां लोग अपनी जान बचाने के लिए अफरातफरी कर रहे है। मिली जानकारी के मुताबिक, ये आग अस्मि कॉम्प्लेक्स इंडस्ट्री के दो जगहों में लगी है। बता दें कि आग इमारत की चौथी मंजिल पर लगी है और वहां से भारी मात्रा में धुआं निकलता दिख रहा है। आग देखते ही अन्य नागरिक भी चिल्लाने लगे और बिल्डिंग में रहने वालों को नीचे आने के लिए कहा।

आग की सूचना मिलते ही मुंबई फायर ब्रिगेड की छह गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और इमारत के सभी निवासियों को सुरक्षित बाहर निकाला। गनीमत ये रही की इस आग में कोई जनहानि नहीं हुई और दमकलकर्मियों द्वारा युद्ध स्तर पर आग बुझाने का काम जारी है। गोरेगांव पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है और पुलिस नागरिकों को इमारत के पास जाने से रोक रही है। हालांकि, आग लगने का सही कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। गौरतलब हो कि महाराष्ट्र से आग लगने की कई घटनाएं दिन ब दिन सामने आ रही हो जो किसी भी जीव के लिए खतरनाक साबित हो सकती है।

## केडीएमटी वर्कशॉप में लगी आग, दो बसें जलकर खाक



**कल्याण :** मुरबाड रोड पर सिंडिगेट स्थित कल्याण डोंबिवली नगर परिवहन निगम की वर्कशॉप में शनिवार सुबह भीषण आग लग गई। आग से वर्कशॉप में मरम्मत के लिए खड़ी दो बसें जलकर खाक हो गईं। आग से वर्कशॉप की इमारत क्षतिग्रस्त हो गई। आग की सूचना मिलते ही नगर निगम फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं।

## खरगे के बेटे के खिलाफ BJP का आक्रोश, पुणे से नासिक तक प्रदर्शन




**मंबई :** प्रियांक खरगे कर्नाटक सरकार में मंत्री हैं और कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे हैं. प्रियांक खरगे के एक बयान के खिलाफ बीजेपी नेताओं ने राज्यव्यापी मोर्चा खोल दिया है. स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर को लेकर दिये गये उनके बयान पर बवाल मच गया है. बीजेपी के नेता, कार्यकर्ता उनके खिलाफ आग बबूला हो चुके हैं. प्रियांक के खिलाफ पूरे राज्य में जगह-जगह विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं. बीजेपी ने उनके खिलाफ प्रतीकात्मक शवयात्रा भी निकाली है. साथ ही कांग्रेस के सीनियर लीडर मसलन मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी के अलावा शिवसेना के उद्धव ठाकरे के खिलाफ भी नारेबाजी कर रहे हैं. नासिक में बड़ी संख्या में बीजेपी के नेता शहर के रेड क्रॉस सिग्नल पर इकट्ठा हुए और कांग्रेस भवन तक प्रतीकात्मक शवयात्रा निकाली. हालांकि इस दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्रतीकात्मक मूर्ति को जब्त कर लिया. कर्नाटक सरकार में मंत्री प्रियांक खरगे ने कहा था कि विधानसभा हॉल से स्वतंत्रता सेना वीर सावरकर की ऑयल पेंटिंग हटा देनी चाहिए. उनका ये बयान जंगल में आग की तरह फैल गया. बयान आते ही बीजेपी नेता सड़कों पर उतर आये और जगह-जगह विरोध प्रदर्शन करने लगे हैं. पूरे मामले में नासिक के अलावा संभाजीनगर में बड़ा विरोध प्रदर्शन देखने को मिला है.

## महज बीस हजार रुपये में बांग्लादेश से मुंबई तक हवाला रैकेट चलाने वाला गिरफ्तार



**मुंबई:** मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने 26 वर्षीय एक व्यक्ति को अवैध रूप से बांग्लादेश से मुंबई लाकर नौकरी दिलाने के आरोप में गिरफ्तार किया है. आरोपी और उसका साथी अवैध रूप से बांग्लादेशी नागरिकों को 20,000 रुपये में मुंबई ला रहे थे और उन्हें नौकरी दे रहे थे। जांच में यह भी पता चला है कि भारत से कमाया गया पैसा अवैध तरीके से बांग्लादेश भेजा जा रहा है. गिरफ्तार आरोपी का नाम अकरम नूर नवी शेख (26) है.

वह बांग्लादेश के चटगांव राज्य के नोर्टमपुर के मूल निवासी हैं। अकरम फिलहाल मुंबई के वडाला इलाके में रह रहा था। आरोपी खुद बांग्लादेश से अवैध रूप से भारत आया था. यहां आने के बाद आरोपी ने अपने साथी शफीक के साथ मिलकर बांग्लादेश से वहां के नागरिकों को अवैध रूप से भारत लाना शुरू कर दिया.

## नागा महिला की हत्या मामले में सीबीआई ने नौ लोगों को बनाया आरोपी, चार्जशीट किया दायर...




**नई दिल्ली :** मणिपुर हिंसा मामले में सीबीआई ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। मणिपुर में जातीय हिंसा के दौरान 15 जुलाई को केइबी गांव में भीड़ द्वारा एक 55 वर्षीय नागा महिला की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में सीबीआई ने नौ लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है।

**नौ लोगों के खिलाफ चार्जशीट दायर**

अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि गुवाहाटी में एक विशेष सीबीआई अदालत के समक्ष आरोपपत्र दायर किया गया, जिसमें सीबीआई ने नौ लोगों पर अपराध करने का आरोप लगाया है।

**लमलाई पुलिस स्टेशन में मामला हुआ था दर्ज**

बता दें कि इस घटना को लेकर पहले इम्फाल पूर्व के लमलाई पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। बाद में मणिपुर सरकार के अनुरोध पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को इसकी जांच सौंपी गई। इसके बाद सीबीआई ने अपनी जांच शुरू की। सीबीआई के प्रवक्ता ने कहा कि इस मामले में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है और आगे की जांच जारी है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८१ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्रिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com